तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 23 मार्च 2024

12 प्रत्येक कार्यकर्ता मोदी-नाग बनकर जनता से मांगे समर्थन
11 सशिमं में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई






छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2024
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
24/03/2024
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

**खबर संक्षेप**

### होली पूर्व पुलिस गश्त तेज

**बालोद/निकुम।** अर्जुन्दा पुलिस थाना प्रभारी मनीष पाण्डे व पुलिस टीम 56 गांवों के बीट पांइट पर लगातार गश्त कर रहे है। होली सिर्फ दो दिन बची है, जिसे लेकर ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से मिलकर क्षेत्र के गांवों में शांति से होली मनाने की अपील किया जा रहा है। वहीं क्षेत्र में तीन सवारी वाहनों, नशे में धुत्त होकर, बदमाशी करने वालों की खैर नही है। क्षेत्र भरदाकला, मोहंदीपाठ, खुरसुनी, देवरी द, गोड़ेला सहित कई गांवों में पुलिस गश्त कर रही है, वही त्यौहार में अन्य प्रेट्रोलिंग वाहन से अर्जुन्दा पुलिस क्षेत्र में नजर रख रही है। वहीं थाना प्रभारी अर्जुन्दा ने कहा कि जबदस्ती किसी पर रंग ना डाले, वहीं गांवो में बच्चों द्वारा रस्सी द्वारा रास्ता ना रोके, इससे कई बार घटना हो जाती है।

### आज शहर के कई इलाकों में विद्युत सेवा रहेगी बाधित

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड बालोद के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बालोद उपकेन्द्र से निकलने वाली फीडरों की विद्युत आपूर्ति आज सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान 33/11 केव्ही उपकेन्द्र बालोद से निकलने वाली 11 केव्ही बघमरा, जुंगेरा एवं पाररास फीडर में दो स्थानों पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का कार्य किया जाना है। इसके अंतर्गत 11 के.व्ही. पाररास फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र शिकारी पारा कुंदरू पारा, मधु चौक रामदेव चौक, सदर रोड, बूढापारा कालोनी, कचहरी चौक एवं आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी तरह 11 के.व्ही. बघमरा–जुंगेरा फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र कुंदरूपारा, बुधवारी बाजार, रेल्वे कालोनी, गणपतिनगर, शिक्षक नगर, संजयनगर, पाररास एवं आसपास के क्षेत्रें में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### नशेड़ी युवकों ने महिला से की मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** नशेड़ी युवकों ने डेली निड्स की दुकान संचालिका के साथ जमकर मारपीट किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि चिंगरीपारा सुपेला के पास डेली नीड्स की दुकान चलाने वाली महिला अमीना बेग नामक महिला के साथ बीती रात नशेडी युवकों ने जमकर मारपीट कर दिया। घटना में महिला को 6 टांके लगे है।

**कार्यक्रम : कलेक्टर बालोद की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न**

# मतदाता जागरुकता स्वीप होली का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडीलोहारा



शुक्रवार को ग्राम पंचायत बड़गांव में जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता स्वीप होली का आयोजन किया गया था। कला केंद्र बालोद के कलाकारों ने मुख मुरली बजाए की धून पर खूब तालियां बटोरी। जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला सीईओ डॉ संजय कन्नौजे के साथ पहुंचे तो राधाकृष्ण व गोपियों के भेष धारण किये महिला समूह होली धुन पर थिरकने लगी। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल व जिला सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने युवा मतदाता वीरेंद्र कुमार व यामिनी बाई, दिव्यांग मतदाता गिरधर सिंह व पूर्णिमा बाई तथा वृद्ध मतदाता कंवल सिंह ठाकुर, पतोईया बाई व चमरू राम ठाकुर को 26 अप्रैल को लोकसभा के लिये मतदान करने प्रेरित कर पारंपरिक त्योहार होली की टोपी पहनाकर कर, गुलाल का तिलक लगाकर तथा श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

अतिथि सहित उपस्थित जन समुदाय सेल्फी जोन में बारी बारी से सेल्फी लेते रहे। किसानी में उपयोग होने वाले गाड़ा को सेल्फी जोन के ▶▶| शेष पेज 11 पर

### दर्शकों ने किया उत्साहवर्धन

कार्यक्रम में चार चांद लगाने तम्बूरा लेकर खरथुली की सुलैना निषाद मंच पर पहुंचकर पंडवानी की धुन पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गीतों की प्रस्तुति की, जिसे सुनकर सभी ने तालियां बजाकर सम्मान किया। अतिथियों के मंच से विदा लेते हुए नीचे उतरने लगे तो भावविभोर होकर दर्शकों व गोपियों ने अतिथियों के ऊपर पुष्प वर्षा के साथ हर्बल सतरंगी गुलाल को खुले आसमान में उड़ाने लगे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सीईओ रोशनी भगत टोप्पो व संचालन स्वीप सहायक नोडल अधिकारी गौतम सिन्हा ने किया। इस अवसर पर मंच में एसडीएम शिवनाथ बघेल, उपसंचालक पंचायत आकाश सोनी ▶▶| शेष पेज 11 पर




### शत-प्रतिशत करें मतदान : कलेक्टर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि उंगली की ताकत को 26 अप्रैल को दिखाना है। सभी मतदाता को लोकसभा के लिये मतदान करने जरूर जाना है, कहते हुए आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए गांव-गांव में शतप्रतिशत मतदान के लिये गठित स्वीप दल प्रेरित करने जायेंगे, उनका सहयोग करें।

### मताधिकार का करें उपयोग : सीईओ

जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदान का अधिकार आपको प्राप्त हो गया है तो आप अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। अपने सूझबूझ से मतदान करें, किसी के बहकावे में न आये, स्वतंत्र रूप से मतदान करें।

# होली पर हरी सब्जियों की डिमांड बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर में हरी सब्जियों के दर आसमान पर हैं। दो दिनो के बाद होली का पर्व है। 2 दिन पूर्व झमाझम बारिश से शहर का मौसम बदल गया था, परंतु गुरुवार और शुक्रवार के दिन तापमान अधिक होने की वजह से आमजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं हरी सब्जियों के दाम भी बढ़ गए हैं। मार्च महीने अंतिम सप्ताह में गर्मी बढ़ते ही दल्लीराजहरा के चिल्हर बाजार में हरी सब्जियों की मांग भी बढ़ गई है। बैंगन, करेला व ककड़ी की विशेष मांग है।

**अभी सब्जियों की है आवक :** धनिया का रेट जहां 55 रुपये किलो था तो वहीं लाल, चेंज, बर्रे (कुसुम), पालक, चौलाई व बथुआ भाजी 20 से 35 रुपये किलो में बिक रहा ▶▶| शेष पेज 11 पर

### हरी सब्जी 30 से 50 रुपए किलो

न्यू मार्केट सब्जी बाजार में चिल्हर बाजार में 30 से 50 रुपये प्रतिकिलो भाव बिक रहा है। वहीं टमाटर का रेट 20 रुपये किलो है। साफ कहें तो अभी सब्जियों का दाम कम है। शुक्रवार की सुबह बाजार में आलू, प्याज, टमाटर, लौकी, मूली, बैंगन, पत्ता गोभी व हरे मटर, परवल, भिंडी, करेला, ककड़ी, बरबट्टी, खीरा, गाजर व मूली सबसे अधिक बिकने पहुंची। हालांकि ज्यादातर ग्राहक बैंगन,करेला व ककड़ी की मांग कर रहे थे। बैगन 30 तो वहीं करेला व ककड़ी का भाव 50 रुपये प्रतिकिलो था। इसके अलावा भाजियों को भी इस सीजन में खूब पसंद किया जा रहा है।

## होली के लिए सजीं रंग-गुलाल की दुकानें...



**डौंडीलोहारा।** इस वर्ष रंगों का त्योहार होली 25 मार्च दिन सोमवार को मनाया जाएगा। जिसके लिए रंग, गुलाल, पिचकारी की बिक्री के लिए दुकानेंसज गई है। त्योहार में सिर्फ दो दिन शेष है, फिर भी दुकानों में कोई रौनकता नहीं है। रही–सही कसर दो दिनों की बारिश ने पूरी कर दी, जिससे सभी तरह के दुकानों में वीरानी छाई हुई है। इस वर्ष त्योहार के पूर्व महिलाओं व किसानों के खातों में पैसा आया हुआ है जिससे त्यौहार की खुशी दोगुनी होने की उम्मीद जताई जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि दो–तीन दिन ही त्यौहार में रौनक रहेगी। दुकानदारों ने बताया कि रंग गुलाल के भाव में मामूली वृद्धि हुई है व पिचकारियों की कई वैराटी उपलब्ध है।

# होली में इस बार नहीं बजेंगे डीजे : एसडीएम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुरुवार को नगर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में एसडीएम शीतल बंसल ने दो टूक कहा कि डीजे कहीं पर भी नहीं लगना चाहिए, क्योंकि जिले में धारा 144, आदर्श आचार संहिता लागू है, ऐसे में कही पर भी ध्वनि विस्तारक यंत्र को लेकर शिकायत मिली तो उस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वहीं पुलिस प्रशासन से नवपदस्थ एसडीओपी ने भी लॉ एंड आर्डर को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील की है। उन्होंने हुड़दंगियों पर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही। एसडीओपी ने कहा कि होली के दिन कोई भी तीन सवारी बैठकर या शराब के नशे में गाड़ी चलाते पकड़े गए उन पर कड़ी कार्यवाही होगी, हालांकि परिवार सहित सफर करने वालों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होगी। एसडीपीओ ने कहा कि किसी भी व्यक्ति पर जबर्दस्ती ▶▶| शेष पेज 11 पर

- होली के पूर्व शांति समिति की हुई बैठक

### व्यापारी मुखौटा बेचना बंद करे : एसडीओपी

बैठक में एसडीओपी देवांश सिंह राठौड़ ने कहा कि कोई भी व्यापारी मुखौटा न बेचे, क्योंकि युवा वर्ग के लोग मुखौटा पहनकर किसी भी घटना को अंजाम दे सकते हैं। महिलाओं से छेड़छाड़ सहित कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं। ऐसे में मुखौटा पहनने वालों को पहचान नहीं सकते। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि दुकानों में मुखौटा की बिक्री करना बंद कर दें।

**दर्जन भर से अधिक जगहों में होगी होलिका दहन:** बैठक में शहर के कई वरिष्ठ जानकार लोग बैठे थे, जिन्होंने बताया कि शहर में दर्जन भर से अधिक जगहों पर शुभ मुहूर्त में होलिका दहन होगी। प्रशासन ने कहा ▶▶| शेष पेज 11 पर

# सगाई कार्यक्रम में आए युवक का अपहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 25 वर्षीय युवक के अपरहण का मामला सामने आया है। इधर अपहृत युवक के पिता संतोष देहारी ने रिश्ते में साला लगने वाले प्रशांत खरांसु साहित उनके तीन अन्य दोस्तों पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत की है।

- 24 घंटे से ज्यादा गुजर जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं

पुलिस ने मामले मे एफआईआर दर्ज कर अपहरणकर्ताओं की खोजबीन शुरू कर दी है। मामला गुरुवार की देर शाम करीब 7:30 बजे डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम खैरीडीह के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार संतोष देहारी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ग्राम खैरीडीह में अपने रिश्तेदार के घर सगाई कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान कार्यक्रम समाप्त होने के बाद निखिल देहारी अपने दोस्त रोशन के साथ कुछ मेहमानों को बस बैठाने के उद्देश्य से खैरीडीह गांव में बाहर सड़क पर पहुंचे, जहां मेहमानों को बस बैठाकर लौट रहे थे। आरोप है कि इस दौरान ग्राम गब्दी थाना अर्जुन्दा निवासी प्रशान्त खरांसु अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ चारपहिया वाहन में वहां पहुंचा और निखिल को जबर्दस्ती अपने वाहन में बैठाकर राजनांदगांव की ओर ले गया। इस घटना को निखिल के दोस्त रोशन ने देखा, जिसके बाद घटना की जानकारी तत्काल निखिल के पिता संतोष देहारी को दी।

इस दौरान परिजनों ने तत्काल खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन गुरुवार की देर रात तक निखिल का कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद डौंडीलोहारा थाना में मामला दर्ज कराया। मामले में डौंडीलोहारा थाना की टीम खोजबीन में जुट गई है, वहीं शुक्रवार की शाम खबर लिखे जाने तक अपहरण हुए युवक तथा अपहरणकर्ताओं का खोजबीन जारी था।

**खास बातें**

- परिजनों ने डौंडी थाना पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत
- पुलिस ने चार लोगों पर किया अपहरण का मामला दर्ज



# कार-बाइक में भिड़ंत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले के ग्राम करहीभदर से मुझगहन जाने वाली सड़क के मध्य कार और मोटर सायकल में टक्कर होने से दो लोग घायल हो गए है। घटना शुक्रवार शाम लगभग 5 बजे मोखा से जमरुवा की ओर जाने वाली कार क्रमांक सीजी 24 आर 9134 और लिमोरा की ओर जाने वाली मोटर सायकल क्रमांक सीजी 18 बी 1140 के बीच अचानक टक्कर को गईं। जिसमें मोटर सायकल सवार ग्राम लिमोरा निवासी जयसिंग साहू 50 वर्ष और योगराज धुर्वे उमेश 48 वर्ष दोनों घायल हो गए। वहीं कार में सवार तीन लोग सुरक्षित है। जिसमें ड्रायवर व उनके माता-पिता कार में सवार थे। घटना की मुख्य वजह ओवर स्पीड और विपरीत दिशा में चलना बताया जा रहा है, क्योंकि कार दुर्घटना के बाद विपरीत दिशा में नजर आ रही है और मोटर सायकल अपने सही दिशा में नजर आ रही है। हादसे में बाइक सवार जय सिंह को गंभीर चोट लगी है, जिसके पैर और सिर में गंभीर चोट आयी है, वहीं योगराज को हल्की चोट आयी है। हादसे के बाद घायलों को तत्काल प्राथमिक इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल बालोद लाया गया, जहां घायलों का इलाज किया गया।

- करहीभदर-मुजगहन मार्ग में हादसा

## चाकू से हमला कर मोबाइल लूटा

**भिलाई।** नशेडी युवकों ने चाकू से हमला कर मोबाइल लूट कर फरार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि केम्प-1 मदर टेरेसा नगर वार्ड 31 निवासी राम विलास चौहान ने शिकायत किया है कि भाई सत्येंद्र चौहान बीते 10 मार्च की रात जवाहर नगर कचरा भट्ठी की तरफ फोन पर बात करते हुए पैदल जा रहा था। तभी तीन युवक बाइक से पहुचे और सत्येंद्र के मोबाइल फोन को लूटने का प्रयास किया। दोनों पक्षों में हाथापाई हुई। इसी दौरान आरोपी एक युवक ने चाकू से सतेन्द्र पर हमला कर दिया। घटना में सत्येंद्र मौके पर ही गिर पड़ा। तीनों आरोपी मोबाइल लेकर फरार हो गए।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

**शहर के अंदर मोहल्लों में चल रहे खटालों से लोग बेहाल**

# शहर में गोकुल नगर योजना की सख्त जरुरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा में गोकुल नगर की योजना सपना बनकर रह गया है। शहर के विभिन्न खटालों की वजह से नागरिकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका के अलावा संबंधित विभाग गंदगी फैलाने वाले खटाल संचालकों पर कार्रवाई नहीं करता लिहाजा इसका खामियाजा नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

**खटालों को व्यवस्थित करने की जरुरत :** गरीय निकाय में गोकुल नगर योजना आज भी एक सपना बनकर रह गया है। गोकुल नगर योजना न होने से पशुपालकों के चेहरे में चिंता की लकीरें स्पष्ट दिख रही है। दूसरी ओर शहर के मोहल्लों के अंदर संचालित दर्जनों खटालों की वजह से आसपास के रहवासी बेहाल हैं। शहर में आवारा मवेशियों के चलते इसका सबसे बुरा असर आवागमन पर पड़ रहा है। वहीं खटालों की वजह से आसपास रहने वाले लोगों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए शहर में इन सभी खटालों को एक जगह व्यवस्थित करना बेहद जरूरी हो गया है। लेकिन योजना के अभाव, क्रियान्वयन और इच्छाशक्ति ▶▶| शेष पेज 11 पर



**योजना प्रस्तावित है :** नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर कहते हैं कि गोकुल नगर योजना प्रस्तावित है, शीघ्र ही किया जाएगा। साथ ही सड़कों में आवारा मवेशियों की धरपपकड़ अभियान तेजी से चलाया जाएगा और पशुपालकों को चेतावनी भी दी जाएगी इसके बाद कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

### योजना हो गई फेल

गौरतलब है कि दल्लीराजहरा और आसपास लगे ग्रामीण क्षेत्रों में पशु पालन व्यवसाय में काफी तेजी आई है जिसके कारण बीते 15 वर्षों में छोटे बड़े कई खटाल खुल गए हैं। वहीं दूध की सहकारी सोसायटी खुल जाने से डेयरी व्यवसाय लगातार बढ़ते जा रहा है जिसकी वजह से डेयरियों में गोबर, कचरा इकट्ठे होने से गंदगी दुर्गंध बढ़ गया है। उक्त सभी दिक्कतों को देखते हुए नगर पालिका द्वारा समीपस्थ चिखलाकसा पंचायत में गोकुल नगर स्थापित किए जाने की योजना बनाई गई थी लेकिन स्थानीय डेयरी व्यवसायी, गोकुल नगर बसाए जाने के खिलाफ हो जाने यह योजना फेल हो गई। डेयरी व्यवसाई अपनी जमीन और खटाल को अन्य जगह में स्थानांतरित करने को राजी नहीं हो पाए।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग
रायपुर-भिलाई के वरिष्ठ एवं अनुभवी कैंसर रोग विशेषज्ञ अब राजनांदगांव में भी उपलब्ध
डॉ. नवीन कुमार जैन
BDS, MDS, FHN, FICO
(Oral Oncologist)
OPD : 23 मार्च 2024, शनिवार, समय दोप. 1 से 2 बजे
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# खाद्य प्रतिष्ठानों में मिठाइयों पर चढ़ा रहे थे घटिया जलेबी रंग, समझाइश देकर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

होली पर्व के चलते इन दिनों औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी जमीनी स्तर पर दिख रहे है। जांच में एक होटल में मिठाईयों पर घटिया जलेबी रंग पाया गया। जिसे समझाईश देकर अफसरों ने छोड दिया।

इसके आलावा शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में दबिश देकर अफसरों ने सैंपल लिया है, जिसे जांच के लिए भेजा गया हैं। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा त्योहारी सीजन को देखते हुए जिले के विभिन्न मिष्ठान एवं खाद्य पदार्थों के विक्रेताओं की दुकानों में निरीक्षण कर मिठाईयों की गुणवत्ता जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 15 से 21 मार्च तक मेसर्स अग्रवाल मिष्ठान भण्डार दुर्ग से खाद्य पदार्थों मावा और बारीक बूंदी लड्डू एवं मेसर्स शिवा किराना कुम्हारी से बेसन एवं मैदा, मेसर्स बैकोलॉजी बेकर्स एवं स्वीट्स कोहका भिलाई से बेसन लड्डू, तृप्ति मिष्ठान, हटरी बाजार दुर्ग से मथुरा पेडा व केसर टिक्की एवं मेसर्स तोतामल जेठामल किराना भिलाई-03 से हरेली राईस ब्रान तेल का नमूना संग्रहण कर जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

जिले में संचालित होलसेल किराना इंदिरा मार्केट, हटरी बाजार में संचालित मेसर्स अशोक ट्रेडिंग कंपनी, किशन लाल एण्ड संस, बाकलीवाल एंटरप्राईजेस, जनता किराना स्टोर्स, शमशुद्दीन जैम मोहम्मद, जे.के. प्रोव्हीजन स्टोर्स सदाणी प्रोव्हीजन स्टोर्स, पंकज ट्रेडर्स, नेमीचंद पंकज कुमार जैन, लालचंद किराना स्टोर्स एवं जयमाता दी ट्रेडर्स के साथ साथ पावर हाउस होलसेल मार्केट में संचालित मेसर्स कांतीलाल किराना मर्चेंट, ज्योति इंटरप्राईजेस, शिवशक्ति ट्रेडर्स, अनमोल ट्रेडर्स, हरयाणा ट्रेडर्स, उत्तम किराना, पापुलर किराना, ओम किराना एवं जनरल स्ट्रोर्स, पारख सुपर बाजार रिसाली, शिव किराना एवं किर्तन किराना कुम्हारी में औचक निरीक्षण किया गया।

### निरीक्षण के दौरान पाए गए अखाद्य पदार्थों का मौके पर ही किया नष्टीकरण



#### जलेबी रंग को कराया गया नष्टीकरण

निरीक्षण के दौरान पाए गए गाय छाप अखाद्य रंग (खाने लायक नहीं) का मौके पर ही नष्टीकरण कराया गया एवं जलेबी रंग बोल कर अखाद्य रंग को भविष्य में न बेचे जाने हेतु निर्देशित किया गया। विभाग द्वारा संचालित चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से लगातार भ्रमण कर व्यवसाई एवं उपभोक्ताओं को विभिन्न खाद्य पदार्थ एवं नास्ता आदि परोसने हेतु अखबारी कागज एवं अखाद्य रंग के उपयोग न करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। हांलाकि जलेबी रंग किस प्रतिष्ठान में मिले, इसकी जानकारी नही दी गई है।

#### पर्व पर ही सक्रिय रहते हैं अफसर

हाल ही में आगामी दिनों होली पर्व है, जिसके चलते औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी सक्रिय दिख रहे है। जबकि सालभर विभाग के अफसर सक्रिय नजर नही आते है। कार्यवाही के नाम पर देखा गया हैं कि, सिर्फ सैंपल लेकर खानापूर्ति की जाती है। सैंपल लेने के बाद आज तक कोई बडी कार्यवाही विभाग द्वारा नही की गई है। इस संबंध में औषधि प्रशासन विभाग के अधिकार क्षीरसागर से संपर्क किया गया, उन्होने फोन रिसिव नही किया।

## खबर संक्षेप

### गमछा पहनाकर किसानों का किया सम्मान



**दुर्ग।** भाजपा किसान मोर्चा की तरफ से विष्णु देव साय सरकार के 100 दिन पूरे होने पर किसानों का सम्मान किया गया। भाजपा के 100 किसानों को गमछा पहनकर सम्मान किया गया। इसमें दुर्ग जिला किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनायक ताम्रकार, उपाध्यक्ष योगेंद्र दिल्लीवार, मुकुंद विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष, राम नारायण साहू, कमलेश चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष पाटन शीतल साहू आदि किसान मोर्चा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी एवं किसान भाई उपस्थित थे।

### मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गापारा लक्ष्मी नगर वार्ड नं. 5 सुपेला तहसील व जिला दुर्ग निवासी नीतू ठाकुर की विगत 29 जुलाई 2021 को साड़ी में आग लग जाने से जलने पर उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. नीतू ठाकुर के पुत्र वरूण ठाकुर एवं पुत्री लिशा ठाकुर को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### हायर एजुकेशन सर्वे की तैयारी

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय,दुर्ग द्वारा ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन एआईएसएचई पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का आयोजन कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई के सभागार में किया गया।

## चाय से खातिरदारी सात रुपए, भोजन कराने पर जुड़ेंगे 180 रुपए

# बैंड बजाया तो तीन हजार, गजमाल से स्वागत पर डेढ़ हजार जुड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चुनावी खर्च की सीमा तय कर दी है। जिसके तहत आयोग ने खाद्य सामान, प्रचार सामग्री, वाहन, टेबल व कुर्सी सहित करीब डेढ सौ से अधिक सामग्रियों के निर्धारित कर दिए है। इसमें नेताजी अगर रोज आठ घंटे प्रचार में बैंड-बाजा जाएंगे तो तीन हजार रूपए और स्वागत करने गजमाला पहनाने पर डेढ हजार रूपए खाते से कटेगी। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार सभी सामग्रियों के दाम दस फीसदी बढ गए है। इस बार लोकसभा में चुनाव लडने के लिए खर्च सीमा सत्तर लाख से बढ़ाकर 95 लाख कर दी गई है। वही पार्टी उम्मीदवारों के लिए भी चुनाव सामग्रियों के दर निर्धारित कर लिए गए है। जिसके अनुसार चाय में काम चलाने पर सात रूपए और भोजन से खातिरदारी कर दी तो नेता जी के खाते में 70-180 रूपए जुड जाएंगे। इसमें सादी थाली 70 रूपए, नार्मल 95 और स्पेशन थाली पर 180 रूपए जुड जाएंगे। हालांकि विधानसभा चुनाव में ही यही दर भोजन और चाय के निर्धारित है। आयोग द्वारा ऐसे 200 तरह के अलग अलग आइटम्स की दर सूची जारी की गई है। नेताजी चाहे तो सबसे कम खर्च में सात रुपए की चाय थमा सकते हैं, वही अगर काफी पिलाई तो बीस रूपए देने पड सकते है। इसके आलावा सामान्य भोजन कराने पर सत्तर और स्पेशल थाली के लिए 180 रूपए जुड जाएंगे। इसके आलावा कुर्सी, एसी और तकिया, रजाई और चादर तक की कीमत जोड ली गई हैं। इसके आलावा फ्लैक्स, झंडा, कुर्सी, जनरेटर, कार्यालय का साज सज्जा, लाइट, कूलर, मंच का निर्माण साइज सहित 175 आइटम के दर तय किए गए हैं।

### उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा निर्धारित खर्च, देने होंगे पाई-पाई



#### पार्टी वाला गमछा के लिए जुड़ेंगें

पार्टियों के लिए होटल पन्द्रह सौ से एसी रूम प्रतिदिन चार हजार तक निर्धारित है। पार्टी वाला गमछा छोटा और बडे के लिए 35-60 रूपए देने होगें। इसी तरह पोस्टर बारह से अठारह इंच के लिए पांच रूपए, फोटोग्राफी प्रति कैमरा ग्यारह सौ, फोटोग्राफी व विडियोग्राफी 1100 से पच्चीस सौ और तोरण छोटा और बडा पचास पैसे ढाई रूपए, बैंड बाजा पांच समूह के लिए प्रति आठ घंटा तीन हजार, ग्यारह में साढे नौ हजार, डीजे बजाने पर वाहन सहित आठ घंटे का बारह हजार जुड जाएगा। इसके आलावा नेताजी को हार पहनाने में गज माला प्रति नग पन्द्रह सौ रूपए रहेगी।

#### कोल्ड ड्रिंक की रहेगी डिमांड

आयोग द्वारा नाश्ते से काम चलाने के लिए चाय के आलावा एक समोसे व कचौडी की कीमत दस रूपए, आलू पोहा पन्द्रह, लस्सी 25-50 रूपए, दो सौ एमएल कोल्ड ड्रिंक बीस रूपए, छाछ पन्द्रह, दुध पन्द्रह, एक लीटर पानी बीस रूपए खाते से कटेगें। इसी तरह आयोग ने वाहनों की कीमत भी निर्धारित की है। जिसमें इनोवा प्रतिदिन 2250-2800 रूपए, जीप व सूमो 1100, बोलेरो 1300 स्कार्पियों 1600 इंडिका 1100 सायकल रिक्शा 350 ई रिक्शा 700 ट्रैक्टर 2000, आटो रिक्शा 800 से लेकर बस का 9 हजार और रैंज रोवर, फार्च्यूनर, आडी जैसे लक्जरी कार की भी कीमत तय की गई है।

#### खर्च की सीमा 4 गुना बढ़ी

लोकसभा चुनाव में हर बार आयोग मतदाताओं की संख्या के आधार पर प्रत्याशी के लिए अधिकतम खर्च की सीमा तय करता है। इस बार प्रत्याशी के लिए 95 लाख रुपए की राशि तय की गई है। कोई भी प्रत्याशी चुनाव में इससे एक रुपए भी अधिक राशि खर्च नहीं कर पाएगा। सूत्रों के अनुसार पिछले 20 साल में प्रत्याशी के खर्च की सीमा 4 गुना बढ़ाई गई है। कूलर किराया पिछले लोकसभा चुनाव में कूलर 320 एवं जम्बे कूलर का किराया 2150 था। इसमें 20 एवं 150 रुपए की कटौती की गई है। इस तरह प्रत्याशी के चुनावी खर्च में कूलर किराये के रूप में कम राशि जुड़ेगी।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# नववधुओं का अफसरों ने किया सम्मान, पहली बार देंगी वोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दूसरे जिले से विवाह होकर दुर्ग में आई नई दुल्हनों का अफसरों ने सम्मान किया। अब ये महिलाएं पहली बार दुर्ग जिले की वोटर होगी। मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदान करने मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में लोकसभा दुर्ग अंतर्गत आने वाले विधानसभा 64-दुर्ग शहर के आंगन बाड़ी केंद्र क्रमांक 01, वार्ड नंबर 36 में आज सुपोषण पखवाड़ा सप्ताह के साथ साथ स्वीप कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता का भी कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सुपोषण पखवाड़ा के तहत 5 गर्भवती महिलाओ को

- आंगनबाड़ी केंद्र गंजपारा दुर्ग में हुआ मतदाता

सुपोषण कीट प्रदान कर गोद भराई रस्म अदा की गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत 13 नवविवाहितों का तिलक लगाकर, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

#### आंगनबाड़ी में बनेंगे सेल्फीजोन

आंगन बाड़ी केंद्र में मतदाता जागरूकता हेतु सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था। जिसमे सभी ने सेल्फी फोटो भी ली। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद इक्का, आयुक्त नगर निगम लोकेश चंद्राकर, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना अधिकारी शहर अनिता सिंह, पर्यवेक्षक शशि मानिकपुरी, कार्यकर्ता ममता यादव, कविता जाधव, रानूऊ सोनी, पार्वती यादव, अंजुम बेगम भी उपस्थित रही।

### होलिका दहन 24 को

**भिलाई।** होली महापर्व इस बार 24 मार्च रविवार को होलिका दहन एवं होली मिलन के साथ ब्रजमंडल भिलाई के गीता भवन से.6 के प्रांगण में सांय 6 बजे से सार्वजनिक रूप से मनाया जाएगा। कार्यक्रम चुनावी आचार संहिता नियमों का अनुपालन कर मनाए जाएंगे। कार्यक्रमानुसार संध्या 4 बजे से 6 बजे तक भजनों और ब्रज के होली फाग गीतों का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात नियमित संध्या 6.15 बजे महाआरती होगी। सांय 7 बजे होलिका पूजन का कार्यक्रम होगा।

## रोमांचक मुकाबले में कवर्धा टीम ने एक रन से जीता मैच



**भिलाई।** सीएससीएस द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग टी-20 ( प्लेट ग्रुप) अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार को खेले गए पहला मैच धमतरी विरुद्ध बिलासपुर ब्लू के बीच खेला गया। जिसमें परिणाम धमतरी ने 9 रन से यह मैच जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए धमतरी 20 ओवर में 9 विकेट पर 136 रन आदर्श वर्मा 23, शशांक तिवारी और योहन नायक 21-21, युवराज साहू 19, रमेश सिदार 18 रन बनाएं। गेंदबाजी बिलासपुर ब्लू धनंजय नायक 6 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बिलासपुर ब्लू 20 ओवर में 8 विकेट पर 127 रन ही बना पाई। अल्तमस खान 36, सनी पांडे नॉट आउट 17 रन बनाए। गेंदबाजी धमतरी आनंद ने 3 विकेट नारायण साहू ने 2 विकेट लिए। दूसरा मैच कवर्धा विरुद्ध कोरबा के बीच खेला गया। जिसमें कवर्धा ने यह मैच 1 रन से जीता। बल्लेबाजी कवर्धा 20 ओवर में 9 विकेट पर 159 रन अभिषेक चंद्रवंशी 46, आकाश सिंह 22, शुभम खत्री 19 बनाए। गेंदबाजी कोरबा सुमित अग्रवाल 3, दुर्गेश साहू 2 विकेट लिए। बल्लेबाजी कोरबा 20 ओवरमें 158 रन पर आउट आयुष शर्मा नॉट आउट 66, दुर्गेश साहू 23, सुधांशु तिवारी 15 रन बनाए। गेंदबाजी कवर्धा विकास यादव 4 विकेट अभिषेक चंद्रवंशी 3 विकेट लिए।

# तालपुरी में बनेगी क्षेत्रीय कृषि उत्पादों की मंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- रंग-बिरंगे सजावटी पौधों से सजेंगे शा. कार्यालय व भवन

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने विगत दिनों साथी परियोजना अंतर्गत तालपुरी में प्रस्तावित क्षेत्रीय उत्पादों की मंडी का निरीक्षण किया। साथी परियोजना आत्म निर्भर भारत, मेक इन इंडिया एवं लखपति दीदी जैसी परियोजनाओं को बढ़ावा देने एवं किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से बनाई गई परियोजना है। इस परियोजना के अंतर्गत जिले में साथी बाजार स्थापित किया जाएगा, जिससे कृषकों के स्वसहायता समूहों व एफपीओ को अपने उत्पादो का भण्डारण करने के लिये 5000 मि.टन का कोल्डस्टोरेज उपलब्ध कराया जायेगा एवं उत्पादों को सीधे उपभोक्ता को विक्रय करने हेतु अपना मंडी मिलेगा। स्वसहायता समूहों व एफ.पी.ओ. को उत्पादों का प्रसंस्करण कराने के लिये प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किया जायेगा। साथ ही उन्हें उच्च गुणवत्ता एवं उचित मूल्य पर आदान सामग्री उपलब्ध कराने के लिये एग्रीमॉल स्थापित किया जावेगा। नवीन तकनीक की जानकारी एवं सलाह, किराये पर उपकरण तथा परीक्षण सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कृषक सहायता केन्द्र स्थापित किया जावेगा जिसका संचालन विश्वविद्यालय के स्नातको द्वारा किया जायेगा।कृषकों के स्वसहायता समूहों, एफपीओ.व स्वदेशी कंपनियो को अपने उत्पाद विक्रय करने के लिये सुपर बाजार उपलब्ध कराया जायेगा, जहां स्पेशल प्रमोशन जोन के माध्यम से विक्रय काउंटर बूट मॉडल पर उपलब्ध कराये जायेंगे। राज्य की शासकीय इकाईंयो जैसे दुग्ध महासंघ, लघुवनोपज संघ, हस्तशिल्प विकास निगम इत्यादि को अपने उत्पाद विक्रय करने के लिए जगह उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य की ऑनलाईन आवश्यक सेवाओं को प्रदान करने के लिए केन्द्र स्थापित किया जाएगा। जिले में साथी बाजार का संचालन 10 हजार महिलाओं के एफ.पी.ओ. के माध्यम से किया जायेगा, जिस हेतु प्रत्येक ग्राम से 20 महिलाओं का चयन किया जायेगा। प्रत्येक ग्राम से चयनित महिला सखियों के द्वारा साथी बाजार मे स्थापित स्वदेशी कंपनियो के उत्पादों की मार्केटिंग अपने ग्राम में की जायेगी, जिसके लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा।



#### नर्सरी में सजावटी पौधों की संख्या बढ़ाएं: कलेक्टर

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने उद्यानिकी विभाग की नर्सरी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नर्सरी में रोपे जाने वाले सभी पौधों का अवलोकन किया। नर्सरी में आम, अमरूद, बेर, आंवला, नींबू, करौंदा, मौसम्बी, कलमी, बीजू एवं अन्य सजावटी पौधे वर्तमान में रोपित किए गए है। कलेक्टर ने इनके आंकड़ों की जानकारी ली एवं नर्सरी में सजावटी पौधों की संख्या को और बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निजी नर्सरी संचालकों की तरह ही सरकारी नर्सरी के पौधों को जनता तक पंहुचाया जाए। साथ ही उन्होंने नर्सरी के सजावटी पौधों को सभी सरकारी कार्यालयों एवं भवनों में रोपित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने इसके बाद बीज निगम का निरीक्षण किया।

## शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# आपस में मिल जुलकर शांति-पूर्वक मनाएं होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक अपर कलेक्टर अरविंद एक्का की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में होली पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्वक मनाए जाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। आगामी होली त्यौहार एवं अन्य त्यौहारों में जिले में सामाजिक सौहार्द्र बना रहे यह सुनिश्चित करें। आगामी त्यौहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने शांति समिति के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि, आप सभी के योगदान से जिले में सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम एवं भाईचारा की गौरवशाली परंपरा रही है। होली को देखते हुए महत्वपूर्ण स्थानों पर फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था, विद्युत उपकरण तार, ट्रांसफार्मर होलिका दहन के पास न हो यह सुनिश्चित करने, स्ट्रीट लाईट एवं सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों के विरूद्ध पुलिस को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा विभाग को होली पर्व के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टर की उपस्थिति, एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ डाक्टर एवं स्टाफ की भी ड्यूटी के निर्देश हैं।

#### डरावनी हार्न लगाने पर होगी कार्यवाही

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहनों में सामान्य हार्न की बजाय भद्दी और डरावनी हार्न लगाने वाले, डरावनी नकाब में घूमने वाले, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले, तीन सवारी तथा सड़कों पर फर्राटे भरने वालों के विरूद्ध पुलिस विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। होली के अवसर पर पुलिस की लगातार पेट्रोलिंग चलेगी।

## उपमुख्यमंत्री ने कहा- इलेक्टोरल बांड कालेधन रोकने का माध्यम

# साव ने गिनाई पीएम मोदी के सौ दिन की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने गुरुवार को 100 दिनों का कार्यकाल पूर्ण किया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा राज्य सरकार के 100 दिनों के कामकाज का लेखा-जोखा पेश किया गया। श्री साव ने कहा कि, राज्य सरकार के कार्यों से छत्तीसगढ़वासियों में नई उम्मीदें और विश्वास जगा है।

मोदी की सभी बड़ी गारंटी पूरी कर दी गई है। अल्प समय के कार्यकाल में देश के किसी भी राज्य सरकार ने ऐसी उपलब्धि हासिल नहीं की है। जिससे छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि, राज्य की भाजपा सरकार ने 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण की थी और 14 दिसंबर से ही मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य शुरु कर दिया था। 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास देने पहली केबिनेट में ही मुहर लगाई गई। जिसके लिए कुल 12,168 करोड़ रूपए का बजट में प्रावधान किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए निःशुल्क रेत भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, भाजपाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मौजूद थे।



#### बकाया बोनस से लेकर तेंदुपत्ता की दी राशि

दो वर्षों के धान खरीदी की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए किसानों के बैंक खातों में डाले गए। महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 655 करोड़ रूपए सीधे महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की गई है। हर वर्ष उन्हें 12 हजार रुपए दिए जाएँगे। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से वादे के अनुसार किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में 19,257 रुपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि दी गई है। तेन्दूपता संग्राहकों के पारिश्रमिक दर को 4000 रुपए प्रति मानक से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा दिए जाने की शुरुआत कोण्डागांव जिले से कर दी गई है।

#### पीएससी के शिकायतों पर होगी जांच

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा-2021 के संबंध में प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जाँच हेतु केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को प्रकरण प्रेषित कर दिए गए है। श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना लागू कर लोगों को अयोध्या धाम का दर्शन करवाया जा रहा है। नौकरी में 5 वर्ष की छूट, प्रति माह 400 यूनिट तक की विद्युत खपत पर आधे दाम पर बिजली देने के लिए बजट में 1 हजार 274 करोड़ रुपए का प्रावधान किए गए है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने का निर्णय लिया गया है। मीडिया से चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर,अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला भाजपाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मौजूद थे।

# मैत्रीबाग में गूंजेगी जंगल सफारी की सफेद शेरनी की दहाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में अब लंबे समय के बाद एक और सफेद शेरनी की दहाड़ सुनाई देगी। वन्य प्राणियों की अदला बदली योजना के तहत गुरुवार को दूसरी खेप में एक वाइट टाईग्रेस लाई गई है। इसके पूर्व जंगल सफारी रायपुर से सोमवार को चार वन्य प्राणी यहां लाए गए थे।

वन्य प्राणियों के विनिमय के अंतर्गत आज जंगल सफाई रायपुर से आज यहां एक सफेद शेरनी यहां लाई गई। वन विभाग के साथ जंगल सफारी के कर्मचारियों की निगरानी में लाई गई वाइट टाइग्रेस को मैत्रीबाग जू को सौंपा गया। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और अंजनी कुमार की उपस्थिति में कर्मियो ने सफेद शेरनी को वाइट टाइगर के बाड़े में छोड़ा। इस अवसर पर सीजीएम जेवाय सपकाले, जीएम प्रभारी एच शेखर, मैत्रीबाग प्रभारी डीजीएम डां. एनके जैन, आरके गर्ग, राजेश कुमार, ललित, आरिफ, योगेश चंद्राकर व प्रेम कुमार उपस्थित थे। यहां 3 नर व 3 मादा शेर हैं। इनके अलावा तीन शावक हैं। इसके पूर्व 17 मार्च को यहां दो मादा व दो बार्किंग डियर और चार सेही लाए गए थे। इसके एवज में दो सियार व एक सफेद शेरनी रक्षा जंगल सफारी को दी गई है। अब सफेद शेरों की संख्या नौ हो गई है।

## वाइट टाइग्रेस सहित पांच जानवरों से जू की बढ़ेगी रौनक





### जंगल सफारी में भी बढ़ेगा सफेद शेरों का कुनबा

मैत्रीबाग में छह साल बाद आए नए जानवरों से जहां रौनक थोड़ी बढ़ जाएगी वहीं यहां से जंगल सफारी भेजी गई सफेद शेरनी रक्षा से इस नस्ल का कुनबा बढ़ने के आसार हैं।जंगल सफारी रायपुर में सफेद शेरों की संतति नहीं बढ़ पा रही है। इस देखते हुए मैत्रीबाग से मादा शेर की अदला बदली की गई है। उल्लेखनीय है कि देश में मैत्रीबाग को सफेद शेरों की नर्सरी के लिए प्रसिद्ध है। अनुकूल वातावरण, बेहतर रखरखाव के चलते सर्वाधिक सफेद शेर यहां हैं। देश के कई चिड़ियाघरों में दर्जनभर से अधिक सफेद शेर भेजे जा चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### यूआरएम के कर्मचारियों हुए सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा यूआरएम और आरएसएम के कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता थे। सम्मानित कर्मचारियों में ओसीटी संज्योती तिर्की,किशोर सिंह, एसीटी शिवराम यादव, वरिष्ठ प्रबंधक महेंद्र कुमार गुलाटी, एसीटी किशोर बाबू, एजीएम के सुरेश कुमार, ओसीटी विनोद कुमार रजक, प्रबंधक विपिन कुमार मौर्या डी और ओसीटी नागमणि कुमार शामिल हैं। मुख्य अतिथि ने सभी को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया ।

### कोलिहापुरी मे कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न

**अंडा।** दुर्ग लोकसभा चुनावी की तैयारी को लेकर कॉंग्रेस के दूर्ग ग्रामीण व ब्लाक 6 की बैठक 36 पोर्ट कोलीहापुरी मे आयोजित की गई है। बैठक में पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू , दुर्ग लोकसभा के कॉंग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर पीसीसी महासचिव जितेंद साहू जिला पंचायत दूर्ग की अध्यक्ष पुष्पा यादव, नगर पॉलिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा,सभापति केशव बंछोर,दूर्ग जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख,जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़,जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्दाकर, लक्ष्मी साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दूर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ,ब्लाक अध्यक्ष मुकुंद भाउ,सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकुंद पारकर, केशव बंटी हरमुख,नँद कुमार सेन, टिकेस्वरी देशमुख, तारकेस्वर चन्द्राकर मुंन्ना, चूम्मन देशमुख,नँद कुमार साहु, सनीर साहू, चन्दभान ठाक्रुर, गोबिंद चतुर्वेदी,सोनू सिह,भीष्म हिरवानी, दिवाकर गायकवाड़, डा पिलेश्वर साहू,जामवंत गजपाल, प्रशांत पाण्डेय, अशोक सिन्हा, राजकुमार देशमुख, सहित अन्य कॉंग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशव बंटी हरमुख, ने कहा की जिन लोगो ने विधानसभा चुनाव में कॉंग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ काम किया है।इनको लोकसभा चुनाव में सांमने रख कर कार्य न ले । नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी ने कहा की सोसल मीडिया में हम पिछड जाते है। इस चुनाव मे हम सब स्वयम राजेन्द साहु समझकर कार्य करें।पार्टी के आदेश के अनुरूप कार्य करना है।

## विडंबना: वर्षों से गैर उत्पादन कार्यों में दे रहीं योगदान

# बीएसपी में उपेक्षा का दंश झेल रहीं सैकड़ों महिला मजदूर, पुरुषों से है कम वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल के सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र में नियमित कार्मिकों के साथ मातृशक्ति के रुप में जाने जाने वालीं महिला ठेका मजदूरों का बड़ा योगदान है। अल्प वेतन और सुविधाओं में टाउनशिप के अस्पतालों और दफ्तरों को नीट एंड क्लीन बनाने में महती भूमिका निभाने वालीं महिला श्रमिकों की भागीदारी कुल मेन पावर में एक फीसदी से अधिक है। बावजूद इसके वर्षों बाद भी इन महतारियों को अपनी तकदीर बदलने का इंतजार है।

बीएसपी में काम करने वाले ठेका मजदूरों में महिलाओं को एक बड़ा हिस्सा है। यहां कुल ठेका मजदूरों की संख्या करीबन बीस हजार है। इनमें डेढ़ से दो हजार महिला मजदूर काम करते हैं। अधिकतर महिलाएं क्लीनिंग ( साफ सफाई) का काम कर रही हैं। प्लांट के अंदर दफ्तरों के साथ इस्पात भवन के साथ मेडिकल और शिक्षा विभाग में यानी जेएनएल हास्पिटल सहित हेल्थ सेंटर और टाउनशिप के बीएसपी दफ्तरों में साफ सफाई के कार्य में लगाई गई हैं। प्लांट के अंदर रेजा व हमाली का काम भी कर रही हैं। साहबों के दफ्तरों को चकाचक करने व पानी पिलाने तथा फाइल आदि लाने ले जाने का काम भी करती हैं। सेक्टर 9 में अटेंडेंट व सफाई कर्मियों के रुप में सेवा व नीट एंड क्लीन बनाने में उनकी बड़ी भूमिका है। पिछले चालीस पचास साल से बीएसपी में पसीना बहाते हुए बीएसपी व टाउनशिप की तस्वीर बदलने में अपने पुरुष मजदूर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योगदान दे रही हैं। लेकिन इतने सालों बाद भी उनका जीवन स्तर ऊंचा उठना तो दूर हालत बद से बदतर होती जा रही है। इसकी वजह इन पुरुष श्रमिकों की तरह सैकड़ों महिला मजदूरों को भी अल्प वेतन व सुविधाओं में काम करने मजबूर होना पड़ रहा है। तंगहाली व बदहाली के चलते महिला मजदूरों को परिवार चलाना मुशिकल मुश्किल हो रहा है।

## डेढ़ हजार मजदूर प्लांट व टाउनशिप में हैं कार्यरत





### पुरुषों से कम वेतन

महिला मजदूरों का इतना अधिक शोषण है कि उन्हें ठेकेदार समान काम के बाद भी पुरुषों से पांच सौ रुपए वेतन कम देते हैं। अपरिहार्य छुट्टियों का भी वेतन काट लेते हैं। महिला मजदूरों ने बताया कि सरकार ने न्यूनतम मजदूरी निर्धारित कर रखी है, लेकिन इससे कम वेतन दिया जा रहा है। कोई भत्ता दिया जाता है और न ही पूरी बोनस आदि सहुलियतें दी जाती हैं। अल्प वेतन के चलते परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। सैकड़ों महिलाएं ऐसी हैं जो अपने परिवार की एकमात्र कमाने वाली हैं। पूरा वेतन मांगने या धरना प्रदर्शन में शामिल होने पर ठेकेदार काम से निकालने की चेतावनी देते हैं। महिलाओं ने बताया कि हमें कहा तो जाता है मातृशक्ति लेकिन लेकिन सच्चाई उलट है। स्थिति बदलने ठेकेदार व बीएसपी उदासीन हैं।

### नाइट शिफ्ट की तलवार

महिला मजदूरों पर आने वाले समय में रात में भी काम करने की तलवार लटक रही है। इससे उन्हें घर पर अपने बच्चों की देखभाल व सुरक्षा के साथ ड्यूटी और रास्ते में अपनी सुरक्षा की चिंता बढ़ जाएगी। यूनियनों के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा चार संशोधित लेबर कोड कानून में महिला वर्कर्स के लिए नाईट ड्यूटी अनिवार्य किए जाने का भी प्रावधान है। लोकसभा चुनाव के बाद इस कानून के लागू होने की पुरजोर संभावना है। नाइट शिफ्ट ड्यूटी के लागू हो जाने की स्थिति में महिलाओं की स्थिति और भी बदतर हो जाएगी। महिला श्रमिकों ने बताया कि प्रबंधन व सरकार दोनों को हमें नियमित कर्मियों की तरह वेतन व सुविधाएं दिए जाने से ही स्थिति में बदलाव आएगा।

## जमरूवा में हुआ न्योता भोज



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला जमरूवा में बच्चों को मध्यान्ह भोजन संचालिका के जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोजन कराया गया। जिसके तहत बच्चों को खीर, पूरी के साथ दाल, चावल, सब्जी खिलाया गया।

## न्योता भोज



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुरुर में पालकों के सहयोग से न्योता भोज कराया गया। जिसमें कक्षा अरुण से अष्टम तक के सभी भैया-बहनों को दाल, चावल एवं सब्जी देकर न्योता भोज कराया गया। इस उपलक्ष में पालकों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य दीनदयाल साहू, आचार्य गिरेंद्र शर्मा, सुदर्शन साहू, अजय साहू, मनीषा यादव, तुकेश्वरी, सरोज, मंजू, भुनेश्वरी, रेवती यादव, रेखा रावटे, दुर्गा साहू एवं पालकगण सुरेश सिन्हा, महेन्द्र ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, कौशल कवर, जीवनलाल साहू, धंजय सिन्हा, लीलेश लोहले, धर्मेंद्र साहू, नवीन बंधु दास, मुकेश यादव, अनीता सिन्हा का योगदान रहा।



## निधन

### बंसती देशमुख



**बालोद।** नगर निवासी बंसती देशमुख 84 वर्ष मूल ग्राम पिरीद का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अध्यक्ष नगर इकाई बालोद वाईके देशमुख की माता थी।

### डायमंड सोनवानी



**डौंडीलोहारा।** नगर के संजय नगर निवासी डायमंड सोनवानी पिता उमेश सोनवानी 31 वर्ष का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इसमें नागरिक व परिवारजन उपस्थित रहे।

# सशिमं में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में 11वीं के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा के बाद 12वीं कक्षा के बच्चों को एक समारोह आयोजित कर विदाई दी। इस दौरान कई स्पर्धाएं भी रखी गई। प्रतियोगिता में आचार्य की मिमेकरी, कोयल की आवाज, पेपर डांस जिमिकंद रेसिपी, लड़के साड़ी पहनकर दिखावे, आचार्यों की एक्टिंग, गाना शेरो शायरी से विदाई समारोह सराबोर रहा। डीगेश्वरी, तृषा, प्राची, दीक्षा, चंद्रकांत, नमन, नीलकमल, गूंजा, गीतिका, पूजा, रेशमी, दानेश्वर, मंजूषा, सोनिया आदि ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

### भविष्य उज्ज्वल की कामना

प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि समझ और संगत अच्छे हो ध्यान रखना जरूरी है। संस्कार का बीजारोपण विद्यालय ने किया है, संस्कार प्रबल रखते हुए आगे बढ़ते रहना मंजिल अच्छी मिलेगी। विद्यार्थी जीवन और कालेज लाइफ में अंतर होता है। कालेज में खुद को संभालना होता है, लापरवाही हुई तो जीवन की दिशा और दशा बिगड़ने में वक्त नहीं लगती।

## पेज 9 के शेष

### मतदाता जागरूकता ...

पास सुसज्जित करके रखा था जो सहसा लोगों को आकर्षित कर रहा था। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मतदाता जागरूकता के साथ ही शत-प्रतिशत मतदान के लिये शपथ दिलाया। होली की धुन पर मतदाता जागरूकता की सुमधुर गीतों के माध्यम से कला केंद्र बालोद के कलाकारों ने मतदाताओं को जागरूक किया। गांव-गांव से गोपियों का वेश धारण कर मुख्य मंच के सम्मुख जब राधा कृष्ण व गोपियों की मंडली नृत्य करते पहुंची तो दर्शक दीर्घा मंत्रमुग्ध हो कर एकटक उस मनोहारी दृश्य को देखते रह गये।

### दर्शकों ने किया ...

सीईओ डौंडी डीडी मंडले, सीईओ गुरुर उमेश कुमार रात्रे, सीईओ डौंडीलोहारा रोशनी भगत टोप्पो प्रमुख रूप से विराजमान थे।

### होली पर हरी ...

था। सब्जी बाजार के सब्जी विक्रेता राजेश सोनकर का कहना है कि बाजार में खेड़हा, मशरूम, लौकी, केला, मुनगा, कटहल की भी मांग है। कुछ ग्राहक ऐसे हैं जो अब छोटे कटहल की अधिक खरीदते हैं। क्योंकि यह खाने ज्यादा स्वादिष्ट बनता है। बाजार में लाल मिर्च अभी 60 से 80 रुपये किलो भाव बिक रहा है। आम, इमली व ब्रोकली की पूछपरख बाजार में कच्चे आम, इमली और ब्रोकली को लेकर भी पूछपरख हो रही है। ज्यादातर बाजार में अब यह आसानी से उपलब्ध हो चुका है।

जानकार मानते हैं कि गर्मी के दिनों में इनका सेवन सेहत के लिए अच्छा होता है। ककड़ी व खीरा को गर्मी में सबसे अच्छा माना जाता है। हालांकी इसे दिन में खाना ज्यादा अच्छा है। 96 फीसद हिस्सा इसमें पानी होता है। फिलहाल दल्लीराजहरा बाजार में एक से बढ़कर एक हरी सब्जियां उपलब्ध है।

### होली में इस बार ...

रंग गुलाल लगाने की शिकायत होने पर कार्यवाही की जाएगी। शांति समिति की बैठक करने का मुख्य उद्देश्य हुड़दंगियों पर नजर रखने से लेकर उन पर कार्यवाही करने तथा आचार संहिता का पालन कराने की बात हुई।

### व्यपारी मुखौटा बेचना ...

होलिका दहन वाले जगहों पर किसी भी तरह के विद्युत तार नहीं होने चाहिए साथ ही अन्य सावधानी बरतते हुए होलिका दहन करने की अपील की।

### शहर में गोकुल ...

के अभाव में सभी खटालों को एक स्थान पर व्यवस्थित करने की योजना फेल होती जा रही है।

## ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे विद्यार्थी

# आईआईटी की स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश शुरू, इधर शोध परीक्षा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आईआईटी भिलाई की मानसून सेमेस्टर में सभी विभागों के एमटेक और पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश के लिए विद्यार्थी अपना आवेदन दे सकते हैं। प्रवेश के लिए आईआईटी प्रबंधन ने विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन सिस्टम से प्रवेश की सुविधा प्रदान की है। विद्यार्थी अपना ऑनलाइन आवेदन जमा करने और शुल्क भुगतान 30 अप्रैल तक कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार मई में होगी।

### इन विषयों में ले सकते हैं दाखिला

आईआईटी भिलाई बायो इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, मटेरियल साइंस एंड मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग में एमटेक कार्यक्रम प्रदान करता है।आईआईटी भिलाई बायो साइंस एंड बायो मेडिकल इंजीनियरिंग, केमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, मटेरियल साइंस एंड मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग, गणित, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग, और भौतिकी में पीएचडी कार्यक्रम प्रदान करता है। प्रवेश संबंधी जानकारी विद्यार्थी आईआईटी भिलाई के वेबसाईट से भी ले सकते हैं।



### पीएचडी शोध प्रवेश प्रक्रिया निरस्त

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की पीएचडी शोध केंद्रों में प्रवेश प्रक्रिया निरस्त कर दी है। विश्वविद्यालय ने पीएचडी शोध केंद्रों में प्रवेश के लिए 21 मार्च से 5 अप्रैल तक विद्यार्थियों को सूचना दी थी। जिसे निरस्त कर दिया गया है। लोक सभा चुनावी आचार संहिता लागू होने के कारण कई शोधार्थियों को उनके विभागों से अवकाश की मंजूरी नहीं मिल पाई। इसकी सूचना शोधार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन को दी। जिसे संज्ञान में लेते हुए कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने परीक्षा विभाग अधिकारियों से बैठक की और यह निर्णय लिया। पीएचडी शोध करने वालों में ज्यादातर लोग सरकारी विभागों में हैं और शोध विद्यार्थी के रूप में यूनिवर्सिटी में आवेदन पेश किए हैं। ऐसे शोधार्थियों को अपने विभाग से अवकाश की अनुमति लेकर शोध कार्य में उपस्थिति देनी पड़ती है।

### 19 विषयों में 300 से ज्यादा शोधार्थी

डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय के अंतर्गत 19 विषयों में 17 शोधकेन्द्र विष्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त है। इन्हीं शोधकेन्द्रों में लगभग 300 से अधिक शोधार्थी शोधकार्य हेतु प्रवेश लेंगे। प्रवेश के दौरान विद्यार्थियों को अपने सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ–साथ प्रवेश आवेदन पत्र, अपने पात्रता प्रमाणपत्र, नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाणपत्र तथा शोधनिर्देशक का नाम एवं शोधकेन्द्र का नाम प्रस्तुत करना था। प्रत्येक शोधकेन्द्र के संबंधित विभाग द्वारा एक समिति का गठन किया जाना आवश्यक है। इस समिति का नाम रिसर्च एडवाइजरी कमेटी होगा। इस कमेटी में संबंधित विभाग में पदस्थ समस्त मान्यता प्राप्त शोधनिर्देशक तथा महाविद्यालय के प्राचार्य शामिल होंगे। ऐसे शोधार्थी जिनके शोधनिर्देशक शोधकेन्द्र में पदस्थ नहीं है वें शोधनिर्देशक भी आर.ए.सी कमेटी के सदस्य होंगे।

### पाटन राज मनवा कुर्मी समाज में नाम वापसी के बाद दो प्रत्याशी बचे मैदान में

**सेलूद।** छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज में राज प्रधान चुनाव के लिए जारी अधिसूचना के तहत 20 मार्च को केंद्रीय चुनाव अधिकारी छग मकुस समाज खोडस राम कश्यप, सहाय निर्वाचन अधिकारी मोती लाल वर्मा, राम खिलावन वर्मा, केदार कश्यप की उपस्थिति कार्यवाहक राज प्रधान ओम प्रकाश वर्मा की उपस्थिति में पाटन राज के राज प्रधान पद के लिए चार प्रत्याशी ने अपना नामांकन जमा किया था जो स्कुटनी के बाद वैध पाया गया था। वैध नामांकन सूची में युगल किशोर आडिल तारेन्द्र बंछोर, रुपेन्द्र वर्मा, भागवत प्रसाद वर्मा नाम शामिल था। नाम वापसी में तारेन्द्र बंछोर और भागवत प्रसाद वर्मा ने अपना नामांकन वापस ले लिया ।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बालोद
जिला बालोद (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र. 202403243300027अ-06/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेहत्तर राम पिता स्व. रघुनाथ यादव निवासी ग्राम जमरूवा तहसील व जिला बालोद द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पिता रघुनाथ यादव पिता स्व. हलालीराम के नाम पर उनके स्वामित्व में ग्राम जमरूवा प.ह.न. 23 तहसील व जिला बालोद में भूमि खसरा नंबर 267 रकबा 0.69 हे. स्थित है। आवेदक के पिता की मृत्यु दिनांक 09.01.2023 को हो गई । आवेदक के पिता रघुनाथ अपने जीवन काल में अपनी चल-अचल संपत्ति की उचित व्यवस्था व रख रखाव ईच्छा पत्र वसीयतनामा दिनांक 13.11.2022 को गवाहो के समक्ष आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया है। चूंकि आवेदक के पिता की मृत्यु होने के उपरांत वसीयतनामा के आधार पर भूमिस्वामी रघुनाथ पिता स्व. हलाली का नाम विलोपित कर आवेदक अपने नाम पर दर्ज कर राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा अवक्षेप हो तो इस प्रकरण में पेशी दिनांक 02/04/2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि कि बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 22/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया ।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
बालोद

**खबर संक्षेप**

## सुनील को मिली न्यायिक प्रकिया की जिम्मेदारी



**दल्लीराजहरा।** लोकसभा चुनाव के लिए कांकेर लोकसभा के भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार भोजराज नाग को भारी बहुमत से विजय दिलाने के लिए डौंडीलोहरा विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में डौंडीलोहारा विधानसभा हेतु न्यायिक प्रकिया और चुनाव आयोग का प्रभार वकील सुनील नंदी को दिया गया है। सुनील नंदी भारतीय जनता पार्टी में लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## पत्रकार महासंघ की हुई बैठक

**लाटाबोड़।** शुक्रवार को बालोद स्थित देवांगन समाज भवन में पत्रकार महासंघ की बैठक हुई। बैठक में कुछ पत्रकार साथियों को दूसरे संगठन में जुड़ने के खबर को भ्रामक बताते हुए इसका खंडन किया गया। वहीं भ्रामक खबर प्रचारित करने वालों के खिलाफ ठोस कार्यवाही की बात कही गई। बैठक में जिलाध्यक्ष दीपक देवांगन, जिला संरक्षक प्रकाश उपाध्याय, विधि सलाहकार अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष असवन साहू एवं यूमल विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय देशमुख, जिला महासचिव देवधर साहू,जिला सचिव नरेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी संजय रामटेके के साथ सदस्यों में वरिष्ठ पत्रकार उदय साहू एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## प्राणघातक हमला करने वाले को 5 वर्ष कारावास

**भिलाई।** प्राण घातक हमला करने वाले युवको को दुर्ग न्यायालय ने पांच वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई ही। घटना उतई थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम डुण्डेरा में 23 सितंबर 2022 को दशहरा उत्सव मनाने दो जगह पर बैठक हुई थी। दोनों पक्ष जगह पर सामूहिक दशहरा उत्सव मनाने का निर्णय लिया था। बैठक खत्म होने के बाद पीड़ित डुण्डेरा निवासी टीमक लाल साहू के साथ आरोपी संजू साहू का विवाग हो गया। दोनों के विवाद को लेकर लोगों ने शांत कराया। कुछ देर बाद दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ और आरोपी संजू साहू ने जान से मारने की धमकी देकर टीकम पर चाकू से प्राणघातक हमला कर फरार हो गया।

## ब्लैकमेलिंग व धमकी मामले में 3 गिरफ्तार

**भिलाई।** आपत्तिजनक वीडियो को लेकर जान से मारने की धमकी देकर रुपए का डिमांड करने का मामला सामने आया है। मामले में तीन युवकों पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि गवली पारा दुर्ग निवासी सुमीत बोथरा को जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पुलिस से किया। जांच करने पर पता चला कि पीड़ित के मोबाइल में धमकी भरा मैसेज आया था। उसके बाद शिवपारा दुर्ग निवासी टीसु बडजात्या से मिलकर छोटे भाई का कुछ आपत्तिजनक वीडियों होने की जानकारी मिली। वीडियो को समाप्त करने के एवज में टीसु बडजात्या ने रुपए का डिमांड किया। मामले में पुलिस ने टीसु बडजात्या (जैन) के अलावा राजनांदगांव निवासी लेखराम साहू, जयंती नगर दुर्ग निवासी पुरूषोत्तम देवांगन को भी गिरफ्तार किया है।

**सियासत :** गुण्डरदेही में भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# प्रत्येक कार्यकर्ता मोदी व नाग बनकर जनता से मांगे समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर में गुरूवार को भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें सांसद मोहन मंडावी, कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग, संयोजक भरत मटियारा, सह संयोजक यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, यज्ञदत्त शर्मा, पुर्व विधायक विरेन्द्र साहू, प्रीतम साहू उपस्थित थे।

### मंडावी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

सम्मेलन में सासंद मोहन मंडावी ने केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस बार भी लोकसभा चुनाव में गुण्डरदेही विधानसभा से लीड दिलाने अपील की। उन्होंने बताया कि 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा यहां से 55 हजार वोट से हारे थे, जो 2019 के लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता व जनता ने उस हारे हुए 55 हजार वोट को पूरा कर 12 हजार से अधिक वोट पाकर बढ़त हासिल की थी। आज प्रदेश व केन्द्र में भाजपा की सरकार होने से विकास और तेजी से होगा, सासंद ने अपने कार्यकाल मे हुए विकास कार्य को कार्यकर्ता के बीच रखकर भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजय दिलाने आग्रह किया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, प्रीतम साहू व भरत मटियारा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नरेश यदु, ठाकुरराम चंद्राकर, लेखराम साहू, चेमन देशमुख, अभिषेक शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर व संध्या भारद्वाज, नीतीश मोंटी यादव, किशोरी साहू, प्रमोद जैन, मोहन जैन, मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी, टिनेश्वर बघेल, प्रणेश जैन, रानु हेमंत सोनकर, निर्मला साहू, भानुमति साहू, नविता साहू, हेमंत साहू, सौरभ चोपड़ा, थानसिंह मंडावी, जीतु गुप्ता, केशव साहू, टोमन साहू, पार्षद टीकाराम निषाद, हरीश निषाद, विजय सोनकर, शंकर यादव, श्रीकांत वर्मा सहित हजारो भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।






### कार्यकर्ताओं के परिश्रम से मिलती है जीत : नाग

लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग ने कहा कि गुण्डरदेही विधानसभा के देवतुल्य जनता और कार्यकर्ता के आशीर्वाद हमेशा भाजपा को मिलता रहा है। यहां के कार्यकर्ताओं के सक्रियता और अथक परिश्रम के बदौलत ही भाजपा कांकेर लोकसभा में लगातार जीत रही है। सम्मेलन में केन्द्र व राज्य सरकार की महती योजनाओं का जिक्र करते हुए भोजराज नाग ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने और प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। नारी शक्ति वंदन योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, उज्जवला योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा क्षेत्र में 45 सौ गांव है और सभी जगह नही पहुंच सकते। इसलिए कार्यकर्ता अपने आप को नरेंद्र मोदी और भोजराज नाग समझकर कार्य करें। अबकी बार 400 पार को सार्थक बनाने व धर्म की रक्षा के लिए कार्यकर्ता आगे आएं। मोदी ने 10 वर्षों में ऐतिहासिक और उल्लेखनीय कार्य किए है, राम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाना जैसे ऐतिहासिक निर्णय मोदी जी जैसे सशक्त नेतृत्व से ही संभव है।

### भाजपा प्रत्याशी निकले एक्टिवा में



**बालोद।** कांकेर से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग सुबह-सुबह भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों में दस्तक दी तथा चुनावी रण में पूरी ताकत के साथ जुट जाने का आव्हान किया। बालोद की सड़कों पर कार्यकर्ताओं के साथ सुबह 7 बजे से एक्टिवा में बैठकर लोगों के बीच रुकने, मिलने और उनसे मत के रूप में आशीर्वाद देने और फिर से मोदी सरकार बनाकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आग्रह किया। गत दिनों अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फलेश देशलहरे के निधन पर उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाते हुए फलेश देशलहरे के निधन को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और लोकसभा क्लस्टर सह प्रभारी यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, पार्षद कमलेश सोनी, राजू पटेल, अमित चोपड़ा, संतोष कौशिक, नरेंद्र सोनवानी, विनोद जैन, मोरध्वज साहू, शेखर यादव, दीपक देवांगन, राकेश बाफना, कमल बजाज, शेखर वर्मा, महेश पाठक, मनीष माधवानी, शेरू जसूजा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भोजराज नाग ने तेज किया प्रचार



**बालोद।** कांकेर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी भोजराज नाग ने बालोद जिले में कुश्ती एवं अखाड़ा से पूरे जिले को गौरवान्वित करने वाली बेटी प्रेरणा नाग से मुलाकात कर भारतीय नौसेना सेवा के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उनको परिवार से मिलकर उन्हें बधाई भी दी। नाग ने कहा बेटी प्रेरणा नाग पूरे छत्तीसगढ़ की गौरव है।

## अश्लील मैसेज भेजने पर हो सकती है पांच साल की सजा

**दल्लीराजहरा।** नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा ने बताया कि अश्लील मैसेज भेजने पर 5 वर्ष तक की सजा हो सकती है। उन्होंने आमजनों को जागरूक करते हुए कहा कि बिना सोचे, समझे एवं अश्लील मैसेज नहीं करना चाहिए। अगर किसी मोबाइल या अन्य इंटरनेट के माध्यम से अश्लील मैसेज किया जाता है और शिकायत की गई तो कार्रवाई के साथ-साथ 5 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (A) के तहत सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी दी गई है। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने इसे प्रोत्साहित करने में अहम रोल निभाया है। हालांकि अभिव्यक्ति की यह आजादी उसी सीमा तक है, जहां तक आप किसी कानून का उल्लंघन नहीं करते हैं और दूसरे को आहत या नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। इंटरनेट के इस दौर में सोशल मीडिया ने आपसी दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है,लेकिन इसके दुष्परिणाम भी साइबर अपराध के रूप में सामने आए है अश्लील मैसेज भी उनमें से एक अपराध है। अश्लील मैसेज को इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों द्वारा प्रेषित करना आई टी एक्ट की धारा 67 के तहत दंडनीय घोषित किया गया है।



## गर्मी बढ़ने के साथ ही फलों की मांग बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शुक्रवार को मौसम में परिवर्तन हुआ, तेज धूप के साथ ही उमस से लोग परेशान नजर आएं। सुबह से ही चिलमिलाती धूप से बचने लोग गमछा, रुमाल तथा आंखों में चश्मा लगाए सफर करते नजर आए। वहीं गर्मी बढ़ते ही गन्ने के साथ ही शहर में जूस सेंटर खुल गया है। लोग गन्ना रस पीकर गर्माहट दूर कर रहे हैं, तो वहीं गर्मी को देखते बाजार में बिकने वाले गरम खाद्य पदार्थो के बजाए लोग रशीले व रेशेदार फलों की ओर रुख कर रहे हैं। जिला मुख्यालय में इस साल होली के पहले ही फलों के राजा आम ने दस्तक दे दिया है। फलों के दाम पहले की तरह सामान्य है, जबकि मौसम की मार से फलों के दाम में वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही थी। लेकिन इसकी आवक अच्छा होने से रेट में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुआ है।

फल व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान में आम 150 से 200 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। वहीं अंगूर 100 रूपये, संतरा 70 रुपये, सेवफल 200 रूपये, अनार 150 रुपये, कलिंदर 20 रुपये, केला 50 से 60 रुपये दर्जन, पाइनएप्पल 100 रूपये नग, खरबूजा 80 रुपये किलो और मुसम्बी 70 रूपये किलो बिक रहा है।

## शांतिपूर्ण ढंग से बोर्ड परीक्षा संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाडबरी में 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई । केंद्राध्यक्ष डॉ. बी.एल. साहसी ने बताया कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की नकल प्रकरण यहां पर दर्ज नहीं किया गया। बल्कि सभी परीक्षार्थी शांतिपूर्ण ढंग से अपने प्रश्नों को हल किये। 12वीं का अंतिम पेपर जीव विज्ञान था, इस पेपर के होते ही बच्चों में खुशियों का माहौल देखने को मिला। इस दौरान सहायक केंद्राध्यक्ष घनश्याम सिंह रावटे भी उपस्थित थे, जिन्होंने भी शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न होने पर अपनी खुशी जाहिर की।

## श्रीकृष्ण की भक्ति में थनौद बना गोकुलधाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

■ संगीतमय श्रीमद भागवत कथा जारी

ग्राम चीरचार में साहू परिवार के द्वारा जनकल्याण व धर्म प्रचार के लिए हो रहे संगीतमय श्रीमद भागवत कथा में छठवे दिन ग्राम थनौद मानो गोकुलधाम बन गई।

श्र ध्दा लु हरि कथा में ओत्र प्रोत से भाव विभोर होकर कथा श्रवण करते हुए व्यासपीठ से पंडित रघुनंदन प्रसाद दुबे ने अपने श्रीमुख से भागवतकथा का रसोवादन कराते हुए गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई। कथा में नंद के आनंद भगवान नटवर के बाल लीलाओं का वर्णन किया। वहीं बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने इन्द्र के अहंकार को तोड़ते हुए गोवर्धन पर्वत की पूजा कर्रा और अपनी एक अंगुली से सात दिन तक गोवर्धन को उठाकर गिरिराज कहलाए। उन्होंने कहा कि जहां सत्य और भक्ति का समन्वय होता है, वहां भगवान का आगमन जरुर होता है। प्रत्येक घर में गाय माता की सेवा हो, क्योंकि गौमाता साक्षात कामधेनू है। गाय का दूध अमृत के समान है। वहीं गोवर्धन भगवान की आरती पूजा कर छप्पन भोग भक्तों को प्रसाद दिया गया।



## ज्ञान का भंडार है गीता : पं. राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ श्री विष्णुधाम ओटेबंद में श्रीमद् भागवत जारी

गीता भगवान की वाणी है, जिसमें भक्ति, योग, ज्ञान योग, कर्म योग तीनों का विशेष समन्वय है। गीता का ज्ञान स्वयं भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को प्रदान किया था। गीता में 18 अध्याय हैं, श्रीमद् भागवत में 18000 श्लोक हैं।

भागवत और गीता दोनों भगवान श्री कृष्ण के विग्रह हैं। उक्त बातें श्री विष्णु धाम महायज्ञ (मंदिर) ओटेबंद बगीचा में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह में संत राजेंद्र जी महाराज ने कही। महाराज ने कहा कि मानव को जीवन में रामचरितमानस के साथ गीता का भी पाठ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें सप्ताह में एक बार हवन-यज्ञ जरूर करना चाहिए। जिससे हमें पॉजिटिव ऊर्जा प्राप्त होती है। घर की शुद्धिकरण भी हो जाता है। उन्होंने बताया कि श्री भागवत को भी ज्ञान गंगा कहा गया है। क्षेत्र के समस्त भक्तों ने तुलसी वर्षा करके अपने जीवन को धन्य बनाया। महाराज जी ने कहा कि अपने बच्चों को भी सत्संग में लेकर के जाना चाहिए। इससे उनके जीवन में सुंदर संस्कार आते हैं। मुख्य यजमान शेर सिंह देशमुख, केजिया बाई देशमुख के अलावा मंदिर के सभी सदस्य, बिरेन्द्र दिल्लीवार, बब्ला दाऊ चंद्राकर, लवकुश चंद्राकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, भगवान सिंह चन्द्राकर, सोनू चंद्राकर, रोहित चंद्राकर, हिरालाल साहू व बाजार ठेकेदार पूर्व सरपंच खेमन चन्द्राकर, लोकेश चंद्राकर आदि मौजूद थे।





## पीएम की फोटो वाली थैलियां बांटने की शिकायत



**बालोद।** राशन दुकानों में पीएम नरेंद्र मोदी के फोटो वाले थैलों का उपयोग करने तथा आचार सहिंता के उल्लघन की शिकायत को लेकर युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने शिकायत निर्वाचन अधिकारियों से की है। मामले में आज सुबह राशन दुकानों में नरेंद्र मोदी के फोटो वाले थैले में सरकारी राशन दुकान में थैला बांटने के मामले की शिकायत को लेकर युवक कांग्रेस पदाधिकारी ने निर्वाचन आधिकारी से मिलकर शिकायत पत्र सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है, ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के क्षेत्रधिकार से संबंधित राशन दुकानों में पीएम मोदी के फोटोयुक्त कैरीबैग, थैला में राशन सामग्री दिया जा रहा है जो कि आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष बालोद प्रशांत बोकड़े, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।







